दिल्ली पब्लिक स्कूल , जम्मू
सत्र (2024-25)
ASSIGNMENT (AUGUST)

कक्षा - दसवीं   विषय - हिन्दी (085)

सामान्य निर्देश

- प्रश्न के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 1.निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कीजिए और समास का नाम भी लिखिए –

1. कर्मभूमि
2. ऋणमुक्त
3. राजीवलोचन
4. क्रोधाग्नि
5. त्रिनेत्र
6. कार्यकुशल
7. भारतभूमि
8. कालीमिर्च
9. कनकलता
10. कमलनयन

प्रश्न 2.निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और रचना के आधार पर उनका भेद लिखिए –

1. प्रातः जल्दी उठो और एक घंटे नियमित रूप से व्यायाम करो।
2. मरीज दवाएँ लेने अस्पताल गया।
3. अध्यापक आए और कक्षा में शोर बंद हो गया।
4. परिश्रमी मजदूरों को सभी काम पर बुलाते हैं।
5. जो लोग धनवान होते हैं, उन्हें गरीबों की मदद करनी चाहिए।
6. जैसे ही मोहन आया श्याम ने आगे बढ़कर उसका स्वागत किया।

प्रश्न 3.निम्नलिखित वाक्यों को मिश्र वाक्य में बदलिए –

1. मेरे घर पहुँचते ही आंधी आ गई।
2. पुस्तकें खरीदने के लिए वह बाज़ार गई।
3. दुकान पर सजी मिठाइयाँ देखकर बच्चे के मुँह में पानी आ गया।

प्रश्नः 4. निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्य में बदलिए–

1. शहर जाने पर श्यामू मलेरिया से पीड़ित हो गया।
2. मोबाइल फ़ोन झपटने का अपराधी होने से उसे सजा हुई।
3. परिश्रम से कमाए गए धन को सोच-समझकर खर्च करना चाहिए।

प्रश्नः 5. निम्नलिखित वाक्यों को सरल वाक्य में बदलिए–

1. मैंने एक लाल गुलाब देखा जो बहुत खुशबूदार था।
2. कुत्ते भौंकने लगे तब चोर भाग गए।
3. यही वह छात्र है जिसने नाटक में अध्यापक की भूमिका निभाई।

प्रश्नः 6. 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

प्रश्नः 7. मनुष्य किसी अन्य को अनाथ समझने की भूल कब कर बैठता है?

प्रश्नः 8. सपनों के-से दिन’ पाठ में हेडमास्टर शर्मा जी की, बच्चों को मारने-पीटने वाले अध्यापकों के प्रति क्या धारणा थी? जीवन-मूल्यों के संदर्भ में उसके औचित्य पर अपने विचार लिखिए।

प्रश्नः 9.‘सपनों के-से दिन’ पाठ के आधार पर बताइए कि बच्चों का खेलकूद में अधिक रुचि लेना अभिभावकों को अप्रिय क्यों लगता था? पढ़ाई के साथ खेलों का छात्र जीवन में क्या महत्त्व है और इससे किन जीवन-मूल्यों की प्रेरणा मिलती है?

प्रश्नः10.राजकपूर द्वारा फ़िल्म की असफलता के खतरों से आगाह करने पर भी शैलेंद्र ने यह फ़िल्म क्यों बनाई?

प्रश्नः11.अपने क्षेत्र के खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी को प्रार्थना पत्र लिखिए जिसमें राशन कार्ड खोने की सूचना देते हुए नया राशन कार्ड बनवाने का अनुरोध किया गया हो। आप कौशिक इन्क्लेव निवासी योगेश हो।

प्रश्नः11.आपकी कालोनी में पार्क विकसित करने के लिए डी०डी०ए० द्वारा खाली जगह छोड़ी गई थी जिस पर लोग अवैध कब्जा करते जा रहे हैं। इस ओर ध्यानाकर्षित करते हुए डी०डी०ए० के उद्यान अधिकारी को ई-मेल लिखिए।